# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

नई दिल्ली–110016

'संस्कृत–भारती' से प्राप्त दिनांक 03.10.2019 एवं 18.10.2019 के पत्रों (संलग्नक–'क' एवं 'ख') के सन्दर्भ में विद्यापीठ द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विचार–विमर्श कर निर्णय लिये जाने हेतु संकायप्रमुखों, कुलसचिव महोदया, उपकुलसचिव–वित्त (श्री अजय कुमार टण्डन), परीक्षा नियन्त्रक (डॉ. एन.पी. सिंह), शोध विभागाध्यक्ष (प्रो. शिवशंकर मिश्र) एवं शोध सहायक (डॉ. ज्ञानधर पाठक) की एक बैठक दिनांक 30.10.2019 को अपराह्न 03.30 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में आहूत की गई । इस बैठक में निम्नलिखित महानुभाव उपस्थित हुए :--

1. प्रो. के. भारतभूषण, संकायप्रमुख, शिक्षा संकाय
2. प्रो. केदारप्रसाद परोहा, संकायप्रमुख, आधुनिक विद्या संकाय
3. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, संकायप्रमुख, वेद–वेदांग संकाय
4. प्रो. जयकुमार उपाध्ये, संकायप्रमुख, साहित्य–संस्कृति संकाय
5. प्रो. कमला भारद्वाज, छात्र कल्याण संकायप्रमुख
6. प्रो. भागीरथि नन्द, संकायप्रमुख शैक्षणिक
7. डॉ. अलका राय, कुलसचिव
8. डॉ. एन.पी. सिंह, परीक्षा नियन्त्रक
9. प्रो. शिवशंकर मिश्र, शोध विभागाध्यक्ष
10. श्री अजय कुमार टण्डन, उपकुलसचिव (वित्त)
11. डॉ. ज्ञानधर पाठक, शोध सहायक

बैठक में गहन विचार–विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये :--

01. यह निर्णय लिया गया कि संस्कृत भारती द्वारा दिनांक 9 से 11 नवम्बर, 2019 तक छत्तरपुर मन्दिर परिसर, नई दिल्ली में आयोजित विश्वसम्मेलन में प्रदर्शनी के लिए 20X20 आकार धनराशि 1,00,000/- (एक लाख) रुपये का स्टाल बुक कराया जाए, जिसमें विद्यापीठ के प्रकाशनों एवं वेदविभागीय यज्ञीय पात्रों को प्रदर्शित किया जा सकता है ।

02. विश्वसम्मेलन स्थल पर विद्यापीठ द्वारा 6x4 आकार धनराशि 1,00,000/- का विज्ञापन आवास स्थल पर लगाये जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें विद्यापीठ के पाठ्यक्रमों एवं क्रियाकलापों को सम्मिलित किया जाए ।

03. विश्व सम्मेलन के अवसर पर प्रकाशित होने वाली स्मारिका में आधे पृष्ठ हेतु रुपये 1,00,000/- का विज्ञापन दिया जाय ।

04. पुस्तक प्रदर्शनी का कार्य डॉ. ज्ञानधर पाठक, डॉ. जीवन कुमार भट्टराई और श्री रमेश कुमार मीणा द्वारा किया जायेगा । वेदविभागीय यज्ञ पात्रों का प्रदर्शन प्रो. गोपालप्रसाद शर्मा एवं उनके सहयोगी अध्यापकों व छात्रों द्वारा मिलकर किया जायेगा। यह कार्य प्रो. शिवशंकर मिश्र जी की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा ।

05. आवास स्थल पर लगने वाले विज्ञापन के लिए बैनर प्रो. कमला भारद्वाज द्वारा तैयार करवाया जायेगा, जिसके लिए डॉ. एन.पी. सिंह सहयोग करेंगे ।

06. विश्व सम्मेलन में विद्यापीठ की डाक्यूमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन निर्धारित स्थल पर संगणक विभाग के सहयोग से किया जायेगा ।

07. सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु अन्य विविध प्रकार से सहयोग विद्यापीठ के अध्यापकों, छात्रों एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदान किया जायेगा ।

08. विद्यापीठ के कक्षों में दिनांक 08, 09, 10 व 11 नवम्बर, 2019 को विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था हेतु स्थान उपलब्ध कराया जाए । उचित व्यवस्था की देखरेख का दायित्व अधिशासी अभियन्ता एवं वेदवेदांग संकायप्रमुख को दिया जाए ।

09. संस्कृत विश्वसम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग हेतु विद्यापीठ के सभी छात्रों-अध्यापकों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्दिष्ट किया जाय ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ज्ञानधर पाठक) | (केदारप्रसाद परोहा) | (प्रेमकुमार शर्मा) | (जयकुमार उपाध्ये) |
| (कमला भारद्वाज) | (भागीरथि नन्द) | (शिवशंकर मिश्र) | (अजयकुमार टण्डन) |
| (के. भारतभूषण) | (एन.पी. सिंह) | (अलका राय) | (रमेश कुमार पाण्डेय) |